राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UHIN/2012/43078 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

सीतापुर से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

सीतापुर, रविवार , 12 अक्टूबर 2025
वर्ष 14, अंक 180, पृष्ट 04, मूल्यः 01 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगे डीपीआरओ..03

इंडस्ट्री एरिया में छापा, 7.37 लाख का वेज फैट सीज किया..04

## एनसीआरबी के 2023 डेटा में हिंसाग्रस्त मणिपुर में हुए महिलाओं के ख़िलाफ़ अपराध ही दर्ज नहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली-** हिंसाग्रस्त मणिपुर में 2023 के जातीय संघर्ष के चरम के दौरान कई इमारतों को आग लगा दी गई थी, दंगे व्यापक हो गए थे और चोरी, डकैती, हत्या और हत्या के प्रयास जैसे अपराध बढ़ गए थे. तमाम हिंसा की खबरों के बीच महिलाओं के साथ बलात्कार, अत्याचार, उत्पीड़न और यहां तक कि उनकी हत्या के भी कई मामले दर्ज किए गए थे. इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय ने स्थिति का संज्ञान लेते हुए जुलाई 2023 में कहा था कि जातीय संघर्षों के दौरान मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ 'व्यवस्थित' और 'अभूतपूर्व स्तर' पर यौन हिंसा हुई है. उल्लेखनीय है कि इंफाल घाटी में रहने वाले मेईतेई समुदाय और पहाड़ी कुकी जनजाति के बीच मई 2023 में शुरू हुआ जातीय संघर्ष आज भी जारी है. इस संघर्ष में सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है और लगभग 70,000 लोग विस्थापित हुए हैं. हिंसाग्रस्त इस राज्य को लेकर हाल ही में जारी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के 2023 के आंकड़े बताते हैं कि यहां लगभग सभी श्रेणियों में अपराधों में बढ़ोतरी हुई है. हालांकि, महिलाओं के खिलाफ अपराधों के संबंध में रिपोर्ट एक चौंकाने वाली विसंगति प्रस्तुत करती है. द हिंदू की रिपोर्ट के मुताबिक, जहां महिलाओं के खिलाफ अपराधों को सूचीबद्ध करने वाली अधिकांश प्रमुख श्रेणियों में पिछले वर्ष की तुलना में गिरावट देखी गई है।

अखबार ने एनसीआरबी डेटा के हवाले से बताया है कि मणिपुर में आगजनी के मामले 2022 में जहां मात्र 27 थे, वहीं ये 2023 में बढ़कर 6,203 हो गए, डकैती का मामला 1 से बढ़कर 1,213 पहुंच गया. जबकि, दंगों के मामले 84 से बढ़कर 5,421 हो गए. हत्याओं की संख्या 2022 के मुकाबले राज्य में 2023 में लगभग तिगुनी हो गई - 47 से 151. हत्या के प्रयास के केस भी 153 से बढ़कर 818 दर्ज किए गए. इसी तरह संपत्ति संबंधी से जुड़े अपराधों में भी वृद्धि देखी गई है. लूटपाट के मामले 7 से बढ़कर 330 हो गए, सेंधमारी के केस 39 से बढ़कर 183 दर्ज किए गए. इसके अलावा चोरी के मामले 1,286 से बढ़कर 2,394 हो गए. मणिपुर में हथियार और विस्फोटक कानूनों के तहत दर्ज मामलों में भी लगभग दोगुनी बढ़ोतरी देखी गई. ये मामले 64 से 116 हो गए और समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने से संबंधित मामले 15 से बढ़कर 473 रिपोर्ट किए गए. हालांकि, एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों में कोई वृद्धि नहीं हुई है. इसके उलट महिलाओं के खिलाफ संज्ञेय अपराधों



में 30% की गिरावट देखी गई है।

**महिलाओं के खिलाफ अपराधों में गिरावट**

बलात्कार के मामलों की संख्या 2022 में 42 से घटकर 2023 में 27 हो गई, जबकि महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से किए गए हमले के मामले 67 से घटकर 66 हो गए और यौन उत्पीड़न के केस 5 से घटकर 1 हो गया. यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के तहत नाबालिग लड़कियों से बलात्कार के मामलों में भी गिरावट देखी गई, जो 44 से घटकर 43 हो गए. हालांकि, ये विडंबना ही है कि ऐसा मई 2023 में लैंगिक हिंसा की कई रिपोर्ट्स सामने आने के बावजूद है. जुलाई 2023 में मणिपुर के कुकी-ज़ो समुदाय के 10 विधायकों ने एक बयान जारी किया था, जिसमें 3 मई, 2023 से कम से कम चार घटनाओं का उल्लेख किया गया, जहां उनके समुदाय की महिलाओं के साथ या तो बलात्कार किया गया या उनकी हत्या कर दी गई।

अखबार द्वारा प्राप्त एक एफआईआर में बताया गया है कि इंफाल पूर्व में एक कार वॉश सेंटर में काम करने वाली महिलाओं को 4 मई, 2023 को लगभग 100-200 लोगों की भीड़ द्वारा प्रताड़ित किया गया. वहीं, जुलाई 2023 में राष्ट्रीय महिला आयोग को महिलाओं के खिलाफ हिंसा की और घटनाओं के बारे में तब पता चला, जब दो महिला कार्यकर्ताओं और नॉर्थ अमेरिकन मणिपुर ट्राइबल एसोसिएशन नामक एक नागरिक समाज संगठन ने एक अपील की. ?? सूचीबद्ध घटनाओं में मणिपुर विश्वविद्यालय परिसर में कुकी-ज़ोमी महिलाओं का उत्पीड़न, नाइटिंगेल नर्स संस्थान में दो महिलाओं का उत्पीड़न और इंफाल में चार महिलाओं के कथित बलात्कार और हत्या शामिल थीं. महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में दर्ज की गई गिरावट और अन्य अपराध श्रेणियों में हुई वृद्धि का तुलनात्मक अध्ययन महिलाओं से जुड़े अपराधों की बड़े पैमाने पर कम रिपोर्टिंग की ओर इशारा करता है. हालांकि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की कम रिपोर्टिंग पूरे भारत में एक चलन है, जो मुख्यतः सामाजिक लांछन या कथित इज़्ज़त ख़राब होने के डर से प्रेरित है. मणिपुर का मामला इस समस्या को और भी स्पष्ट रूप से उजागर करता है।

## डोनाल्ड ट्रंप ने जिनपिंग पर उतारा नोबेल न मिलने का गुस्सा, चीन पर लगाया 100 फीसदी टैरिफ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

डोनाल्ड ट्रंप ने नोबेल शांति पुरस्कार न मिलने का गुस्सा चीन पर उतारा है. जी हां, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर 100 फीसदी टैरिफ लगा दिया है. इतना ही नहीं, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बातचीत और मुलाकात की संभावनाओं को भी डोनाल्ड ट्रंप ने खारिज कर दिया है. डोनाल्ड ट्रंप ने साफ कर दिया कि चीनी प्रोडक्ट पर 100 फीसदी टैरिफ 1 नवंबर 2025 से लागू होगा।

इससे पहले चीन ने रेयर अर्थ मिनिरल्स के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया था. इसके बाद ही डोनाल्ड ट्रंप ने यह फैसला लिया. चीनी फैसले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ने चेतावनी दी थी कि अगर चीन रेयर अर्थ वाले अपने फैसले से पीछे नहीं हटा तो अमेरिका चीनी सामान पर 'भारी टैरिफ' लगाएगा. इसके बाद ट्रंप ने 100 फीसदी टैरिफ लगा दिया. ट्रंप के मुताबिक, चीन का यह कदम सिर्फ मार्केट और पूरी दुनिया को मुश्किल में डालेगा. उन्होंने कहा कि इससे सबसे ज्यादा नुकसान चीन को ही होगा।

**ट्रंप ने लगाया 100 फीसदी टैरिफ**

डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर कहा,





'चीन द्वारा इस अभूतपूर्व रुख को देखते हुए अमेरिका चीन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा, जो वर्तमान में चीन की ओर से लगाए जा रहे किसी भी टैरिफ के अतिरिक्त होगा. यह 1 नवंबर से लागू होगा.' यह ट्रंप के उस पिछले पोस्ट के तुरंत बाद आया है, जिसमें उन्होंने चीन के प्रतिबंधों को बेहद प्रतिकूल बताया था. उन्होंने कहा कि चीन को दुनिया को 'बंदी' बनाने की अनुमति किसी भी तरह नहीं दी जा सकती।

**अब नहीं होगी ट्रंप-जिनपिंग की मुलाकात**


डोनाल्ड ट्रंप ने इस महीने के अंत में साउथ कोरिया में होने वाले एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (APEC शिखर सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने की अपनी योजना पर भी सवाल उठाया. उन्होंने कहा, 'मुझे दो हफ्ते बाद दक्षिण कोरिया में APEC शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलना था, लेकिन अब ऐसा करने का कोई कारण नहीं दिखता.' उन्होंने चेतावनी दी कि ये टैरिफ बहुत हैवी हो सकते हैं, जिससे वाशिंगटन और बीजिंग के बीच ट्रेड वार यानी व्यापार युद्ध फिर से भड़क सकता है।

**चीन ने क्या फैसला लिया है?**

दरअसल, चीन दुनिया में रेयर अर्थ मिनिरल्स (Rare Earth Elements) का सबसे बड़ा प्रोड्यूसर यानी उत्पादक देश है. ये वही मटीरियल है जो इलेक्ट्रॉनिक्स, डिफेंस और ग्रीन एनर्जी जैसी इंडस्ट्रीज के लिए बेहद जरूरी होते हैं. इसे लेकर ही चीन ने नया फैसला किया है. चीन के नए नियमों के मुताबिक अब रेयर अर्थ (Rare Earth) या उससे बने किसी भी प्रोडक्ट के एक्सपोर्ट से पहले 'स्पेशल अप्रूवल' जरूरी होगा.।

## संक्षिप्त ख़बरें

### 2.7 लाख की ठगी; हृष्ट कैडेट को दिया सेना में भर्ती का झांसा, मेडिकल और रनिंग करवाई फिर थमा दिया फर्जी जॉइनिंग लेटर



**महराजगंज-** जिले के निचलौल थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां सेना में भर्ती का सपना दिखाकर एक 12वीं की छात्रा से 2.7 लाख रुपये ठग लिए गए। छात्रा एनसीसी कैडेट है और सेना में जाने का सपना देख रही थी। आरोपियों ने छात्रा को झांसे में लेकर उससे फर्जी मेडिकल और रनिंग करवाई। यहां तक कि उसे सेना की नकली वर्दी पहनाकर फर्जी जॉइनिंग लेटर भी दे दिया। डोमा गांव की रहने वाली नगमा नाम की छात्रा कृषक इंटर कॉलेज में 12वीं की पढ़ाई कर रही है और एनसीसी कैडेट भी है। अगस्त महीने में वह एनसीसी की ट्रेनिंग के लिए मठलार, सलेमपुर गई थी। वहीं उसकी मुलाकात धीरज नाम के एक युवक से हुई। धीरज ने नगमा से कहा कि वह उसे सेना में भर्ती करवा सकता है। सितंबर में धीरज ने नगमा को गोरखपुर बुलाया। वहां उसे सेना की वर्दी दी गई और फिर एक फील्ड में ले जाकर दौड़ (रनिंग) कराई गई। वहां पहले से कुछ और लड़के-लड़कियां भी मौजूद थे। इसके बाद उसका फर्जी मेडिकल टेस्ट कराया गया।

**2.70 लाख रुपये की मांग**

इन फर्जी प्रक्रियाओं के बाद धीरज ने नगमा से 2 लाख 70 हजार रुपये मांगे। पैसे देने के बाद नगमा को राजस्थान के पुष्कर ले जाया गया, जहां अंगद मिश्रा नाम के एक शख्स से मिलवाया गया। अंगद ने भरोसा दिलाया कि पैसे के बाद उसे जॉइनिंग लेटर मिल जाएगा। पैसे देने के बाद नगमा को एक जॉइनिंग लेटर दिया गया और वह घर लौट आई। गांव में उसे सेना में चयनित मानकर फूल-मालाओं से स्वागत किया गया और देशभक्ति गानों के साथ पूरे गांव में घुमाया गया। लेकिन जब परिजनों ने जॉइनिंग लेटर की जांच कराई, तो पता चला कि वह फर्जी है। सच्चाई सामने आने पर नगमा ने धीरज और अंगद मिश्रा के खिलाफ निचलौल थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है।

## पंजाब- टीवी कार्यक्रम के दौरान वाल्मीकि पर टिप्पणी के लिए अंजना ओम कश्यप पर केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली-** लुधियाना पुलिस ने आजतक की एंकर अंजना ओम कश्यप के खिलाफ एक टीवी डिबेट के दौरान वाल्मीकि का कथित रूप से अपमान करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है. गुरुवार को दर्ज की गई एफआईआर में इंडिया टुडे समूह के अध्यक्ष और प्रधान संपादक अरुण पुरी और लिविंग मीडिया इंडिया लिमिटेड को भी आरोपी बनाया गया है. द प्रिंट की रिपोर्ट के अनुसार, यह एफआईआर भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावदास के राष्ट्रीय संयोजक चौधरी यशपाल की शिकायत पर दर्ज की गई है, जिसके अध्यक्ष विजय दानव हैं. एफआईआर के अनुसार, कश्यप ने एक टीवी शो के दौरान वाल्मीकि के बारे में बात करते हुए 'अनुचित' भाषा का इस्तेमाल किया था, जिसका प्रसारण मंगलवार को चैनल के आधिकारिक सोशल मीडिया पेजों पर किया गया था. एफआईआर में उद्धृत शिकायत में कहा गया है, 'इन बयानों से पूरे वाल्मीकि समुदाय की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है और इससे पहले कि यह मामला कानून-व्यवस्था का मुद्दा बने, एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए.' शिकायत में सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का भी हवाला दिया गया है, जिसमें दावा किया गया है कि उसने भगवान वाल्मीकि की पवित्रता और अच्छाई को बरकरार रखा है।

चौधरी यशपाल ने कहा है कि समुदाय कश्यप की गिरफ्तारी चाहता है. उन्होंने कहा, 'हम तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जब तक



आरोपी सलाखों के पीछे न पहुंच जाएं. हमने अपने समुदाय से इस मुद्दे पर एकजुट होने का आह्वान किया है.' भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 299 (किसी वर्ग के नागरिकों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के इरादे से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्यों को दंडित करना, मौखिक या लिखित शब्दों, संकेतों, दृश्य चित्रण या इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से उनके धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करके) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है. एफआईआर में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की धारा 3 (1)(V) का भी उल्लेख किया गया है, जो इन समुदायों के भूमि अधिकारों से संबंधित है।

वाल्मीकि एक प्रख्यात कवि थे जिन्होंने रामायण की रचना की थी. उन्हें 'आदि कवि', यानी प्रथम कवि भी कहा जाता है. उनके अनुयायियों को 'बाल्मीकि' कहा जाता है और वे प्रमुख दलित समुदाय में गिने जाते हैं. शिकायत कश्यप के मंगलवार (7 अक्टूबर) को प्रसारित ब्लैक एंड व्हाइट शो से संबंधित है, जिसमें हाल ही में एक वकील द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर जूता फेंकने की घटना पर चर्चा हुई थी. अपने शो में - जो अभी भी यूट्यूब पर उपलब्ध है, कश्यप वाल्मीकि का भी ज़िक्र करती हैं और कहती हैं कि उनका असली नाम रत्नाकर था और उन्होंने अपने जीवन के शुरुआती दिनों में लोगों को लूटकर पैसा कमाया था. वह यह भी कहती हैं कि नारद मुनि से मिलने पर वाल्मीकि का हृदय परिवर्तन हुआ और वे भगवान राम के भक्त बन गए. वह कहती हैं कि इस कहानी ने एक महत्वपूर्ण सबक सिखाया कि आत्मसाक्षात्कार और आत्मनिरीक्षण का एक क्षण भी सबसे बुरे प्राणी का जीवन बदल सकता है. हालांकि, यशपाल का कहना है कि वाल्मीकि के जीवन से जुड़ी कहानियां ऐतिहासिक रूप से सत्य नहीं हैं. उन्होंने कहा, 'महापुरुषों के जीवन से जुड़ी कितनी ही कहानियां लोककथाओं का हिस्सा बन जाती हैं. इनके सच होने का कोई प्रमाण नहीं है. एंकर को उस व्यक्ति के बारे में एक बेबुनियाद कहानी सुनाने की क्या ज़रूरत थी जिसे हम अपना भगवान मानते हैं.' उल्लेखनीय है कि इससे पहले सितंबर महीने में लखनऊ की एक अदालत ने अंजना ओम कश्यप के ख़िलाफ़ मामला दर्ज करने का आदेश दिया था. उस मामले में पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर द्वारा दायर एक याचिका में आरोप लगाया गया था कि 14 अगस्त को प्रसारित एक कार्यक्रम विभाजनकारी, भड़काऊ और राष्ट्रीय एकता के खिलाफ था, जो दो समुदायों में दुश्मनी पैदा करने का प्रयास करता है।

## पराली जलाने लेकर CM योगी के सख्त निर्देश सेटेलाइट से निगरानी, किसानों को करें जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उत्तर प्रदेश में पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है. मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में पराली जलाने की घटनाओं को शून्य किया जाए. इस संबंध में शासनादेश के तहत विस्तृत दिशा-निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं. मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है और जनस्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है. इसलिए किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों के प्रति जागरूक किया जाए. सभी जिलाधिकारियों से अपेक्षा की गई है वो सेटेलाइट के माध्यम से पराली जलाने की घटनाओं की लगातार निगरानी करें और संवेदनशील जिलों में विशेष सतर्कता बरती जाए।

**निर्देश न मानने वालों पर लगेगा जुर्माना**

निर्देशों के अनुसार फसल अवशेष जलाने पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाई जाएगी. दो एकड़ से कम क्षेत्र पर 2,500, दो से पांच एकड़ तक 5,000 और पांच एकड़ से अधिक पर 15,000 का जुर्माना निर्धारित किया गया है. प्रत्येक 50 से 100 किसानों पर एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी जो पराली जलाने की घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करेंगे.

**नोडल अधिकारी की नियुक्ति का आदेश**

जिलाधिकारियों से कहा गया है कि हॉटस्पाट चिन्हित करते हुए 50/100 किसानों पर एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति किया जाए. नोडल अधिकारी को पराली जलाने की घटनाओं को शून्य करने के लिए विशेष हिदायत दी जाए. इसके साथ ही, राजस्व, पुलिस, कृषि, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभागों के जनपद, तहसील, विकासखण्ड एवं क्षेत्रीय कर्मियों के माध्यमसे फसल कटने के समय निगरानी करते हुए, फसल अवषेश जलाने की घटनाओं को शून्य करना है. यदि कोई कृषक फसल अवषेश जलाता हुआ पाया जाता है तो मौके पर उसको रोकना तथा उस पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की धनराषि अधिरोपित करते हुए कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए।

## असम- चार बार सांसद रहे राजेन गोहेन ने भाजपा छोड़ी- बोले- पार्टी असमिया लोगों की सबसे बड़ी दुश्मन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली-** पूर्व केंद्रीय मंत्री और चार बार सांसद रहे राजेन गोहेन ने 9 अक्टूबर को असम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से इस्तीफा दे दिया. 2016 में सत्ता में आने के बाद से यह पार्टी की राज्य इकाई के लिए यह सबसे बड़ा उथल-पुथल भरा कदम है. खबरों के अनुसार, असम भाजपा के पूर्व अध्यक्ष गोहेन ने अपने 17 समर्थकों के साथ पार्टी के गुवाहाटी मुख्यालय में अपना इस्तीफा सौंप दिया. उनके जाने से पार्टी के पुराने नेताओं और 2015 में कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा के नेतृत्व में नए नेतृत्व के बीच दरार खुलकर सामने आ गई है. अपने त्यागपत्र में गोहेन ने आरोप लगाया कि पार्टी ने स्थानीय समुदायों के साथ विश्वासघात किया है. बाद में उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि जिस भाजपा में वे अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में शामिल हुए थे, वे अब मौजूद नहीं है. इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, गोहेन ने कहा, 'दूसरी पार्टियों से लोगों को लाने के बाद जिन बुजुर्गों ने अपने



जीवन का सबसे अच्छा समय भाजपा को दिया है, उन्हें दरकिनार कर दिया गया है.' उन्होंने जोड़ा कि भाजपा अब 'असमिया लोगों की सबसे बड़ी दुश्मन' है।

गोहेन ने कहा, 'असम विधानसभा की लगभग 30-40 सीटें कभी अहोम समुदाय द्वारा तय की जाती थीं. लेकिन आज, ऐसा कोई निर्वाचन क्षेत्र नहीं है जिस पर वे टिकट का अधिकार जता सकें. पूरा समुदाय टूट गया है और बिखर गया है. उनका जो राजनीतिक प्रभाव होना चाहिए था, वह नगण्य है- आज अशोक सिंघल (शर्मा कैबिनेट में मंत्री) असम की किसी भी सीट से चुनाव लड़ सकते हैं क्योंकि किसी भी असमिया समुदाय के पास कहीं भी निर्णायक शक्ति नहीं है.' उनके असंतोष का एक प्रमुख कारण 2023 का परिसीमन है. अहोम समुदाय से ताल्लुक रखने वाले गोहेन ने पिछले साल विरोध में कैबिनेट स्तर के पद से इस्तीफा दे दिया था. उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पूर्व नागांव निर्वाचन क्षेत्र के पुनर्निर्धारण ने इसकी जनसांख्यिकी को बदलकर इसे 'भाजपा उम्मीदवारों के लिए जीतना असभंव' बना दिया है. द इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान गोहेन ने चेतावनी दी थी कि पुराने पार्टी कार्यकर्ताओं की अनदेखी करने के 'नतीजे' होंगे. गोहेन ने 1999 से 2019 तक नागांव का प्रतिनिधित्व किया, लेकिन पिछले दो चुनावों में उन्हें टिकट नहीं दिया गया, और दोनों ही बार यह सीट कांग्रेस ने जीती. हालांकि, भाजपा ने उनके इस्तीफे के प्रभाव को कम करके आंका है. राज्य पार्टी प्रवक्ता रंजीब कुमार शर्मा ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि गोहेन को पार्टी ने भरपूर 'इनाम' दिया है. शर्मा के हवाले से कहा गया, 'वह केंद्रीय राज्य मंत्री रह चुके हैं, राज्य सरकार में उन्हें कैबिनेट स्तर का पद मिला था. उन्हें इससे ज़्यादा और क्या चाहिए? पार्टी सिर्फ़ एक व्यक्ति के लिए नहीं है।'

## दिल्ली शिफ्ट हुई बिहार की राजनीति, 'कुरुक्षेत्र' के सारे महारथी राजधानी में डाले डेरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सियासी पारा हाई हो चुका है. बिहार के तमाम दिग्गज नेता इस समय दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं. यही कारण है कि इस समय बिहार की पूरी राजनीति दिल्ली शिफ्ट हो चुकी है. देश की राजधानी दिल्ली में इस समय बिहार चुनाव को लेकर बैठकों का दौर जारी है. एक तरफ जहां पार्टी लेवल की बैठकें की जा रही हैं तो वहीं दूसरी तरफ महागठबंधन और एनडीए की भी बैठक हो रही हैं. हालांकि इन बैठकों के बाद भी अब तक सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय नहीं हो पाया है. यही वजह है कि सभी की निगाहें राजधानी दिल्ली पर टिकी हुई बिहार का पूरा सियासी कुनबा फिलहाल दिल्ली में है. बिहार के कुरुक्षेत्र के सारे महारथी दिल्ली पहुंच गए हैं, यहां बिहार को लेकर बैठक दिल्ली में हो रही हैं. दिल्ली में ही बीजेपी, लोजपा की बैठक हो रही है. चिराग पासवान, जीतन मांझी और उपेंद्र कुशवाहा दिल्ली में ही मौजूद हैं. बीजेपी हो या कांग्रेस लगभग हर राजनीतिक दल के नेता इस समय दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं. इसके साथ ही सब लोग ज्यादा से ज्यादा सीट लेने की कोशिश में भी हैं।

**नड्डा के आवास पर मांझी-शाह की बड़ी बैठक**



बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर बड़ी बैठक हुई. इस बैठक में हम पार्टी के मुखिया जीतन राम मांझी भी शामिल हुए थे. इस मीटिंग में शामिल होने के लिए अमित शाह भी नड्डा के आवास पर पहुंचे थे. तीनों नेताओं के बीच में काफी देर तक बैठक हुई. चर्चा है कि मांझी 10 सीटों पर अड़े हैं जबकि बीजेपी उन्हें 7 सीट ऑफर कर रही है. दूसरी तरफ महागठबंधन को लेकर खबर है कि महागठबंधन में सीट शेयरिंग का पेंच पटना में नहीं सुलझा है. लिहाजा अब लालू तेजस्वी दिल्ली जा रहे हैं. लालू तेजस्वी दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान के साथ बैठक करेंगे. इसके बाद ही सीटों का फाइनल डिसीजन हो सकता है।

**कब तक होगा सीटों का ऐलान**

एनडीए में घटक दलों के साथ लगातार बैठकें हो रही हैं. इन बैठकों में सीट बंटवारे का फंसा पेंच निकालने की कोशिश की जा रही है. हालांकि अब तक ये तय नहीं हो पाया है कि किसको कितनी सीटें दी जाएंगी. दूसरी तरफ तमाम दल अपनी-अपनी सीटों को लेकर दावेदारी कर रहे हैं. यही वजह है कि सभी दलों के साथ दिल्ली में बैठकर पूरा मामला सुलझाया जा रहा है. ऐसा माना जा रहा है कि अगले 1-2 दिनों के भीतर सीटों का बंटवारा फाइनल हो सकता है।

**महागठबंधन में सब कुछ ठीक?**

बिहार की सियासत में अब तक केवल जन सुराज पार्टी ने ही प्रत्याशियों का ऐलान किया है. महा गठबंधन में भी अब तक चुनाव लड़ने का फॉर्मूला तय नहीं हो पाया है. हालांकि इसको लेकर पटना में कई बैठकें हो चुकी हैं. यहां हल न निकलता देख अब पूरा मामला दिल्ली लाया गया है. लालू यादव और तेजस्वी यादव अब दिल्ली जा रहे हैं. यहां आलाकमान के साथ बैठक में चर्चा होगी. इसी के बाद फाइनल डिसीजन हो सकता है।

